राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांकः 12.03.2025

प्रेस नोट

ऑनलाईन विस्तृत आवेदन एवं सेवा प्राथमिकता क्रम के संबंध में

आर.ए.एस / आर.टी.एस. संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2023 के मुख्य परीक्षा परिणाम दिनांक 02.01.2025 के क्रम में जारी परिणाम दिनांक 07.02.2025 में उत्तीर्ण 19 अभ्यर्थी तथा दिनांक 06.03.2025 में उत्तीर्ण 13 अभ्यर्थी, कुल–32 अभ्यर्थियों को ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम भरा जाना है। अतः अभ्यर्थी निम्नांकित दिशा–निर्देशों की पालना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें :–

1. **ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम :–** उक्त सभी अभ्यर्थी SSO पोर्टल **https://sso.rajasthan.gov.in** पर लॉगिन कर तथा रिक्रूटमेंट पोर्टल में "My Recruitment" Section के अन्तर्गत Detailed Form cum Scrutiny लिंक को क्लिक कर विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम अनिवार्य रूप से ऑनलाईन भरें। **आयोग द्वारा ऑफलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम स्वीकार नहीं किये जावेंगे।**

2. **विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के लिए उक्त लिंक केवल दिनांक 13.03.2025 (समय 00.00 ए.एम.) से 17.03.2025 (रात्रि 12 बजे) तक उपलब्ध रहेगा, इसके पश्चात् कोई अवसर देय नहीं होगा।**

3. उक्त परीक्षा के अन्तर्गत आयोग की वेबसाईट पर दिनांक 09.01.2025 को राज्य एवं अधीनस्थ सेवाओं का सेवावार पदक्रम जारी किया गया है। अतः उक्तानुसार जारी सेवा प्रपत्र को ध्यान में रखते हुए ही सेवा प्राथमिकता क्रम भरें।

4. **उक्त अभ्यर्थी ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम के संबंध में पूर्व में जारी दिशा–निर्देशों का आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध प्रेस–नोट दिनांक 09.01.2025 का आवश्यक रूप से अवलोकन करें।**

5. **SA** - अनुसूचित क्षेत्र (SA) के अभ्यर्थियों द्वारा SA एवं NSA दोनों प्रकार की सेवाओं के लिए प्राथमिकता क्रम नहीं भरने की स्थिति में उनका दोनों प्रकार की सेवाओं के पदों के लिए विचारण सम्भव नहीं होगा।

6. अभ्यर्थी द्वारा सेवा प्राथमिकता प्रपत्र में जिन सेवाओं को प्राथमिकता क्रम दिया जावेगा, उन्हें केवल उन्हीं सेवाओं हेतु विचारित किया जावेगा।

7. केवल उत्कृष्ट खिलाडी (SP), भूतपूर्व सैनिक (EX) तथा विभागीय कर्मचारी (DC) अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरे जाने के उपरांत दिनांक 17.03.25 से 21.03.25 तक अपने विस्तृत आवेदन पत्र मय सेवा प्राथमिकता क्रम (02 प्रतियों में) एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्व–हस्ताक्षरित छायाप्रति के आयोग कार्यालय में डाक अथवा व्यक्तिशः आवश्यक रूप से जमा करावें। **शेष सभी अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन पत्र मय सेवा प्राथमिकता क्रम (02 प्रतियों में) एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्व–हस्ताक्षरित छायाप्रति के साक्षात्कार के समय साथ लावें।**

8. विस्तृत आवेदन पत्र एवं सेवा प्राथमिकता क्रम ऑनलाईन भरने के उपरांत ही साक्षात्कार में प्रवेश दिया जावेगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव